# *Dialogue with Divinity*

## *Ram Naam Chitta Sadhana-3*

## *राम नाम चित साधना-3*

***Inspirations from Teachings of Swamiji Satyanandji Maharaj (1868-1960)***

***स्वामीजी सत्यानन्दजी महाराज***

***की शिक्षाओं पर आधारित***

***(1868-1960)***

***Dr.Gautam Chatterjee***

***Series Editor: Sunita Ganjoo***

***Translation: Anupama Mahajan***

***DEDICATED TO***

***Param Guru Ram***
***Sat Guru Swamiji Satyanandji Maharaj Shree***
***Param Pujya Premji Maharaj Shree***
***Maharishi Swami Dr Vishwa Mitterji Maharaj Shree***

***समर्पित***

***परम गुरू राम***
***सद्गुरू स्वामी सत्यानन्दजी महाराजश्री***
***परम पूज्य प्रेमजी महाराजश्री***
***महर्षि स्वामी डॉ विश्वामित्र जी महाराजश्री***

## *SHREE ARADHYA RAAM*

*Let our mind smear in Ram Naam*
*Ram is our Aradhanana*
*Ram is our Sadhana*
*RAM is our Aradhya*
*RAM is our Siddhi.*
*Ram is Netarine flow*
*Which emits out of Jaap Sadhana.*
*Raam with its eternal shakti*
*resides in naam dharan*
*which is sublime emotions*
*felt as juice in the atman bodh*
*And realized through jeevatman*
*As nectarine Raam acts upon us*
*And we manifest in Ram Sadhana*
*As auto elevation*
*Such is bliss and blessings*
*Of Aradhya Raam and resultant of*
*SHREE NAAM JAAP.*
*O my Raaaaaaaaaaaaaaaauuum.*

## *श्री आराध्य राम*

*कृपया हमारा मन राम नाम*

*से ओत प्रोत हो*

*राम हमारी आराधना है*

*राम हमारी साधना है*

*राम हमारे आराध्य हैं*

*राम हमारी सिद्धी ।*

*राम मधुरमयी बहाव है*

*जो जाप साधना से विस्तृत होता है ।*

*राम अपनी दिव्य शक्ति के संग*

*राम धारणा में विराजमान हैं*

*जो आत्म बोध में उदात्त भावनाओं*

*के रस के रूप में महसूस होते हैं*

*और जीवात्मा द्वारा अनुभव किए*

*जाते है*

*जैसे मधुमय राम हम पर कार्य करते हैं*

*और हममें राम साधना की अभिव्यक्ति*

*स्वयमेव उत्थान से होती है*

*ऐसा आनन्द व आशीर्वाद*

*आराध्य राम व श्री राम नाम जाप*

*फलस्वरूप प्राप्त होता है ।*

*ओ मेरे राम!*

*****

## *Glory of Ram Naam*

*Shree Shree Swamiji Satyanandji Maharaj ji Shree gave us maha mantra Ram Naam, taught us its divine attributes. At beneath thy feet, we your children of Ram Naam Sadhana, try to relearn Mahima gatha of Ram Naam. HEY PARAM Guru, Hey Guruvareshu please come and allow the enlightenment THROUGH Ram Naam Avataran for blissful understanding anew and afresh---GLORY OF RAM NAAM RAAAAAUUUM.*

## राम नाम की महीमा

श्री श्री स्वामी जी सत्यानंद जी महाराज श्री ने हमें राम नाम का महामंत्र दिया, और उनके दिव्य गुण सिखाए ।आपश्री के श्री चरणों में बैठ कर , हम राम नाम साधना के बच्चे , फिर से राम नाम की महिमा की गाथा सीखने का प्रयत्न करेंगे ।हे परम गुरू, हे गुरूवारेशु, कृपया आइए और राम नाम अवतरण द्वारा प्रबुद्धता प्रदान कीजिए ताकि हम नए ढंग से व फिर से राम नाम की महिमा समझ सकें ।

***

### *NIRAKAR ANAM (NAMELESS)*

*Nirakar Anaam*
*Has sublime name Raaaaaauuuum.*
*This Name Mangalik Mantrik Shakti*
*At uppermost crust of Eternity*
*This Sacred Name Resides.*
*Raam Naam houses most pious attributes*
*Of eternal sacredness*
*That governs all that benefic*
*For brahmand or Cosomos of multigalaxy*
*Raam Naam is maha shakti*
*For all immortal who acts on*
*Divine chord of Naad Brahman.*
*That manifests into Raam Dhaam*
*At the mortal level Ram Raam*
*Which crosses the mind of Naam Sadhak*
*As simran and jaap begets mukti*
*From mayamaye Bhavsagar*
*We human dwell.*
*Such is the Glory of Naad Shree Raam*
*WhoSE appearance in our mind*
*Make us disillusuioned*
*And we all float unto your lotus feet*
*O my Raaaaaaaaaaaaaauuuuum.*

# *निकराकार अनाम*

*निकराकार अनाम*

*का दिव्य नाम राम है।*

*यह पावन नाम , माँगलिक मांत्रिक शक्ति है*

*जो शाश्वत्ता के सबसे ऊपरी तह*

*पर विराजमान होते हैं ।*

*राम नाम सभी शाश्वत दिव्य*

*पावन गुणों की खान हैं*

*जो सभी लाभकारी सता की सरकार है।*

*राम नाम सर्व ब्रह्माण्ड के अनश्वरता की महाशक्ति हैं*

*जो नाद ब्रह्म की तार पर कार्य करते हैं ।*

*यह सब राम धाम के रूप में प्रत्यक्ष होते हैं।*

*नश्वर स्तर पर ,नाम साधक के मन से*

*जब सिमरन व जाप के रूप में राम राम गुज़रता है*

*तो वह मायामयी भवसागर जहाँ हम मानव बसते हैं*

*उससे से मुक्ति प्राप्त करता है ।*

*ऐसी महिमा है*

*नाद श्री राम की जो*

*हमारे मन में दर्शन देते हैं*

*हमारा मोहभंग करके*

*हम आपके श्री चरणकमलों में आनंद*

*विभोर हो जाते हैं ।*

*ओ मेरे राम*

*****

*Aatmiya Pranam Hey Maha Guru Guru Nanank Devji Param Maharaj Shree for lighting up eternal enlightment of Glory of Naam and provinding Naam Sadhna through Jaapji Sahib. GURU NANAKDEVJI YOU ALWAYS REMAIN AN ETERNAL LIGHT FOR MAKING LIFE PIOUS AND REALIZING ONE ESHTA..EK OMKAR AS ROUTE FOR SURE AND PIOUS SALVATION. KOTI KOTI PRANAM HEY MAHA GURU GURU NANANK DEV JI MAHARAJ JI. AAPKE CHARNO MEY RAKHNA HAMEY HEY PRABHU.*

हे महा गुरू, गुरू नानक देवजी परम महाराज श्री, आपका राम नाम की महिमा व नाम साधना जपुजी साहिब द्वारा शाश्वत प्रबुद्धता का प्रकाश प्रदान करने लिए ,आत्मीय प्रणाम। *गुरू नानक देवजी जीवन को पावन बनाने के लिए व एक इष्ठ .... एक ओंकार की अनुभूति प्रदान करने के लिए... तथा पवित्र मुक्ति का मार्ग प्रशस्त करने के लिए आपजी सदा ही एक दिव्य प्रकाश रहेंगे ... कोटि कोटि प्रणाम हे महागुरू, गुरू नानक देव जी महाराज जी । आपने श्री चरणों में रखना हे प्रभु*

*****

## *Empower my Bhav O My Raaaaum.*

*Hey Ram*
*You are Bhava Samudra*
*O Raam*
*You are Naad Samudra*
*At your feet we do*
*Charanbandana O my Raaum.*
*Give us Naad Bhaava Pavitrata*

*Hey Shree Naad, Shree Raam.*
*Give us ultimate Nishtha, Nischay*
*O my Raam*
*Give us focussed confidence*
*Dhyan, dharana and Vishwas*
*In your purest Naaam... Hey Raaaum.*
*Naam Aaradhnaa*
*Swamiji Maharaj Shree gave us*
*To purify the self....body, mind and soul.*
*O Raam My Loving Raam*
*Give your Raam Bhava in all*
*So that we Pray to all for all*
*With your mangalik Naam hey Prabhu.*
*Hey Naad shree purify us*
*So thst we imbibe your bhava*
*And heal and pray for all.*
*You are mangalik mantra*
*O my Param Eahta Raaaauuuuuuum.*

## ***ओ राम मेरे भाव को सशक्त कीजिए***

*हे राम आप भाव समुद्र हैं*

*ओ राम आप नाद समुद्र हैं*

*आपके श्री चरणों में हम*

*चरणवंदना करते हैं ओ राम ।*

*हमें नाद भाव की पवित्रता दीजिए*

*हे श्री नाद , श्री राम ।*

*हमें उच्चतम निष्ठा, निश्चय दीजिए*

*ओ मेरे राम*

*हमें केंद्रित आत्मविश्वास अपने पवित्र नाम*

*में ध्यान, धारणा और विश्वास दीजिए ।... हे राम*

*स्वामी जी महाराज श्री ने नाम आराधना हमें दी*

*ताकि हम स्वयं के.... शरीर, मन व आत्मा*

*को पवित्र कर सकें ।*

*ओ राम मेरे प्यारे राम*

*अपना राम भाव सबको दीजिए*

*ताकि आपश्री के माँगलिक नाम से हे प्रभु*

*हम सबको व सब के लिए प्रार्थना कर सकें ।*

*हे नाद श्री हमें पवित्र कीजिए*

*ताकि हम आपके भाव को अपनाएँ*

*और सबको नीरोग्य बनाएँ व सबके लिए प्रार्थना करें ।*

*आप माँगलिक मंत्र हैं*

*ओ मेरे परम इष्ट*

*राम*

*****

## *Enlighten me O my Raaum*

*O Lord of all Lords*
*O my param loving Raam*
*Open our eternal eyes*
*So that we read your divine dictates*
*O my Raaum.*
*Beyond Maya, beyond Lila*
*you only can transport us*

*O Raaaum.*
*Show us the paath of aradhana*
*Where self becomes innocent*
*And we do Naam aradhana*
*With pure mind, body and spirit.*
*You are the ultimate purifier*
*O my loving Raaum.*
*Fill me with Daya Bhava*
*And make me most compassionate*
*Because you are param dayalu*
*O my Raam*
*Do give Bhava sannidhya O my Raam*
*Give me your bhava so that*
*We love all O my Raaaum.*
*You are Mangalik Shakti O my Raam*
*You are doer of all good and*
*Salvage all who take refuge in you*
*O Raaaum.*
*Give us Subuddhi, Subhava, Su samskar,*
*So that we do Ram Naam Aradhana*
*As sadhana extreme*
*As your loving bhava is our Siddhi*
*Which we promise to distribute to all*
*As becoming you*
*As I , me, Mine are nothing now*
*It is Raaaam in me and Ram in Thine.*
*O my Ram give us sadhaya*
*Or capacity to embrace your prem bhava*
*O my Raaaaaaaaaaauuuuuuum.*

## ***ओ मेरे राम मुझे प्रबुद्धता प्रदान करें***

*हे परमपुरुष परमेश्वर*

*ओ मेरे परम सुहृद राम*

*हमारे दिव्य नेत्र खोल दीजिए*

*ताकि हम आपके दिव्य आदेश पढ़ सकें*

*ओ मेरे राम ।*

*आप ही माया व लीला के पार*

*हमें लेकर जा सकते हैं*

*ओ राम ।*

*हमें आराधना का मार्ग दिखाइए*

*जहाँ हम सरल बन जाते हैं*

*और हम नाम आराधना*

*पवित्र मन, शरीर व आत्मा से करें ।*

*आप ही उच्चतम शोधक हैं*

*ओ मेरे प्यारे राम।*

*मुझ में कृपया दया भाव भर दीजिए*

*मुझे अति करूणावान बना दीजिए*

*क्योंकि आप तो परम दयालु हैं*

*ओ मेरे राम*

*मुझे कृपया भाव सानिद्धय दीजिए*

*ताकि हम सब आपसे प्रेम कर सकें।*

*आप माँगलिक शक्ति हो मेरे राम*

*आप ही सब अच्छे कार्य के कर्ता हैं*

*और आप उनकी रक्षा करते हैं जो*

*आपकी शरण लेता है ओ राम*

*हमें सुबुद्धि , सुभाव , सुसंस्कार दीजिए*

*ताकि हम राम नाम आराधना*

*गहन साधना के रूप में कर सकें*

*क्योंकि आप श्री का प्रेम भाव ही हमारी सिद्धी है*

*जो हम सबसे बाँटने की प्रतिज्ञा करते हैं*

*क्योंकि आप बन जाने से*

*मैं, मुझे और मेरा अब कुछ भी नहीं है*

*अब केवल राम ही मुझ में है और राम ही तुझमें ।*

*हे राम कृपया हमें साध्य दीजिए*

*कि हम आपश्री के प्रेम भाव*

*को आलिंगन कर सकें।*

*ओ मेरे राम*

***

## *My Prayer O My Raaaaum*

*Hey Nirakar Jyoti Swarup*
*Brahma Naad Shree Ram*
*I bow to you billion times*
*We all Ram Naam Sadhak*
*Do Charan vandana O my Raaum.*
*At your feet*
*With your charanamrit of*

*Naad*
*We become pious*
*Though we know we are adham or worst*
*O my Raam.*
*At your feet we get purified*
*O my loving Raaaaum.*
*Accept my Charan vandana*
*Hey Maha Prabhu Raam.*
*Your Naam is Tarak Mantra*
*And the eternal purifier Naad.*
*O my Loving Raaaum.*
*You are Param Purush*
*Most potent and eternally most powerful*
*Yet you are ocean of mercy*
*Hey Param Dayalu Raam*
*Accept our prayer*
*And allow us your*
*Param Raaam Naam Aradhana*
*O my loving Raaaaaaauuuum*
*Swekaro Naad pushpanjali*
*Hey Param Guru Raaaaaaauuuuuum.*

## ***मेरी प्रार्थना ओ मेरे राम***

*हे निराकार ज्योति स्वरूप*

*ब्रह्म नाद श्री राम*

*मैं आपको ख़रबों बार नमन करता हूँ*

*हम सब राम नाम साधक*

*चरणवंदना करते हैं ओ मेरे राम।*

*आपश्री के चरणकमलों में*

*आपश्री के नाद के चरणामृत से*

*हम पवित्र बनते हैं*

*जबकि हमें पता है कि हम अधम व गिरे हुए हैं*

*ओ मेरे राम।*

*मेरी चरणवंदना कृपया स्वीकार कीजिएगा*

*हे महाप्रभु राम ।*

*आपश्री का नाम तारक मंत्र है*

*और दिव्य शोधक नाद !ओ मेरे प्यारे राम।*

*आप परम पुरूष हैं*

*सबसे प्रबल व सर्वशक्तिमान हैं*

*फिर भी आप दया के सागर हैं*

*हे परम दयालु राम*

*कृपया हमारी प्रार्थना स्वीकार कीजिए*

*और हमें परम राम नाम आराधना*

*करने की अनुमति दीजिए*

*ओ मेरे प्यारे राम*

*कृपया नाद पुष्पांजलि स्वीकारिये*

*हे परम गुरू*

*****

## *MAA MY ATMANAJALI*

*Hey Maa you are the creator*
*Of all the creations*
*You are Immortal Jananni O maa*
*You are Jananni of all Devata*
*Devlokok and devpal.*
*And all that is immortal and divine*
*You mothered them.*
*Your Matri maya and Matrichaya*
*For all that is ongoing*
*You create and uncreate*
*But you are ati dayalu Maa*
*O My Maa.*
*Your tears make me repent*
*Your smile is paramananda for me.*
*Your anger makes me shiver*
*But am your Son*
*U love to scold me*
*O Maa Janani.*
*You are all knowledge of all universal wisdom.*
*You are siddhi of all sadhana Hey Maa.*
*You are pran shakti of this body*
*You spin all the atman*
*Through many births and life.*
*You are eternal justice Hey Maa.*
*Pardon me Hey maa*
*For all my abberations and folly*
*Elevate my sadhya, sadhana and siddhi*
*With your suddhikarn mantra*
*Hey maa.*
*At your feet*
*I do atman pushpanjali Hey Maa.*
*I seek blessing of subuddhi*
*Suacharan for atman sudhhi*
*O maa.*
*I am going to invoke Raam Hey Maa*

*Give me power to feel the*
*Sarvashaktiman Shree Raaaum*
*In my body entity*
*O my Maa*
*I wish nothing but pure aradhana*
*O maa.*
*I wish to pray for your creations*
*O my Maa*
*Make me Ramamaye*
*For becoming His Puspanjali O my Maa*
*Placing my atman at your feet O Maa*
*You are my aradhya, aradhana, param eshta Janani O Maa.*

## *माँ मेरी आत्मांजली*

*हे माँ आप सभी रचनाओं की*

*रचियता हैं*

*आप अनश्वर जननी हैं माँ*

*आप सभी देवताओं , देवलोक व देवपाल*

*की जननी हैं*

*जो भी अनश्वर है व दिव्य है*

*आपका मातृत्व उनपर छलकता है ।*

*आपकी मैत्रेय माया और मैत्रेयछाया*

*जो कुछ भी चल रहा है , उसकी*

*आप रचना करती हैं व ध्वसं करती हैं*

*पर आप अति दयालु हैं माँ*

*ओ मेरी माँ*

*आपश्री के अश्रु मुझे पश्चाताप कराते हैं*

*आपश्री की मुस्कान मेरे लिए परमानन्द है*

*आपश्री का क्रोध मुझे कँपा देता है*

*पर मैं तुम्हारा पुत्र हूं*

*आप मुझे डाँटना पसंद करती हैं।*

*आप सार्वभौमिक ज्ञान की ज्ञाता हैं*

*आप सर्व साधना की सिद्धी हैं*

*आप इस शरीर की प्राण शक्ति हैं*

*आप ही सभी आत्माओं को*

*जन्म मरण के चक्कर में ले जाती हैं*

*आप ही अनंत न्याय हैं ओ माँ*

*मुझे मेरी सभी ग़लतियों व अपराधों के लिए*

*क्षमा कीजिए हे माँ*

*अपने शुद्धीकरण मंत्र से*

*मेरे साध्य, साधना व सिद्धी का कृपया उत्थान कीजिए*

*हे माँ*

*मैं आत्मिक पुष्पांजलि अर्पण करता हूँ*

*मैं आपसे सुबुद्धी व सुआचरण*

*की कृपा याचना करता हूँ*

*ओ माँ*

*हे माँ मैं राम का आह्वान करने लगा हूँ*

*मुझे शक्ति दीजिए कि मैं*

*सर्वशक्तिमान श्री राम को अपने*

*शरीर तत्व में महसूस कर सकूँ*

*ओ माँ*

*मैं पावन आराधना के इलावा कुछ नहीं चाहता*

*ओ माँ*

*मैं केवल आपकी रचनाओं के लिए प्रार्थना करना चाहता हूँ*

*ओ माँ*

*कृपया मुझे राममय बना दीजिए*

*ताकि परमेश्वर की पुष्पांजलि बन सकूँ*

*ओ मेरी माँ*

*मैं अपना आत्मा आपश्री के श्री चरणों में रखता हूँ ओ माँ*

*आप मेरी आराध्य, आराधना , परम इष्ट जननी हैं ओ माँ*

*****

*Bhakti Maga is all about Trust, Shraddha and Vishwas about Eshta or Lord. JIANA OR GYANA marga is all about Trust, Shraddha and Vishwas about Supreme Knowledge. SO both Margas meet at KARMA MARGA as here TRUST, SHRADDHA AND VISHWAS are practiced and*

*implemented. RAM Naam Sadhana is three in one. Such loving is our Ram. Beget Him any way you wish.*

भक्ति मार्ग परमेश्वर के प्रति भरोसा,श्रद्धा, और विश्वास को कहते हैं । ज्ञान मार्ग परम ज्ञान के प्रति भरोसा,श्रद्धा, और विश्वास के बारे में है। दोनों मार्ग कर्म मार्ग में समागम करते हैं क्योंकि यहाँ भरोसा,श्रद्धा, और विश्वास का अभ्यास व इन्हें अपनाया जाता है । राम नाम साधना तीन में एक है । ऐसे प्यारे हैं हमारे राम । किसी भी तरह उन्हें पाओ ।

***

*Discover a THINKER in YOU. Proximity with God can be measured then.*

अपने भीतर के विचारक को खोजिए । परमेश्वर के साथ समीपता फिर मापिएगा ...!

***

*Life is LESS about LEARNING and MORE about UNLEARNING. Because so much wrong we know as truth; so much incorrect is our logic systems and PERCEPTIONS; so redundant is our mind sets, better it would be IF we erase our biases--- be it gender bias or racial concepts or castist mindsets, ego of affluence or forcefully becoming judgemental about others. SO YOU SEE SO MUCH IS THERE TO BE UNLEARNED!*

ज़िंदगी सीखने के लिए कम अपितु त्यागने के लिए अधिक है । हम कितना कुछ असत्य को सत्य मानते हैं ; हमारे तर्क प्रणाली व अनुभूति में कितना ही ग़लत है; हमारी मानस सोच इतनी निर्रथक है , अच्छा हो यदि हम अपने पक्षपात मिटा सकें - चाहे वे लिंग सम्बंधित / राम समंबंधित या जाति सम्बंधित पक्षपात हों , समृद्धि के अहंकार या दूसरों के प्रति ज़बरदस्ती के अनुमान लगाते हों । इसलिए आप देखिए कि आपको कितना सीखा हुआ त्यागना है ।

***

*Jo seekha agar jeevan mey na utara to kya kiya. Listen to all divine stories not for temporal satisfactions or khushi. The moral of the story be part of our life and living otherwise its a SPIRITUAL WASTE.*

जो सीखा अगर जीवन में न उतारा तो क्या किया । सभी दिव्य कहानियों को ऊपरी संतुष्टि व ख़ुशी के लिए केवल नहीं सुनिए । कहानी की सीख यह होनी चाहिए कि वह कहानी हमारे जीवन में उतरनी चाहिए नहीं तो वह आध्यात्मिक व्यय है ।

***

## *What is Guru Kripa?*

*Guru is Anubhut or Realized soul who have had eternal Shakshatkar with Param Guru Raaum. He is 'ansha' of Param Guru.Through intense Taapasya they have done or achieved Siddhi and through that divine empowerment they clean Sadhaks inner space and enliven atman bodh. He takes away paap and wrong doings. He punishes us at times to mend. We are able to do Ram Naam Upasana and devote a pious life and live to pray and serve others. This is Guru Kripa.*

*Next time you see scripted "Guru Kripa" behind a car. Just smile! Keep proximity with Guru no matter it is rainy day or days of tears, pain and sufferings. Because it is Guru Kripa that will surely rescue you. Gurutattwa and Guru Kripa are around you subtly all the time. This is GURU KRIPA!*

## गुरू कृपा क्या है ?

गुरू एक प्रबुद्ध आत्मा हैं जिनका परम गुरू श्री राम से दिव्य साक्षात्कार हो चुका होता है ।वे परम गुरू के अंश होते हैं ।गहन तपस्या करके व सिद्धियों को पाकर वे दिव्यता से सशक्त होकर साधक के अंतःकरण का शुद्धीकरण करके आत्मबोध को जागृत करते हैं । वे साधक के पाप व कुकृत्य लेलेते हैं ।वे कई बार प्रताड़ते भी हैं ताकि हम सुधर सकें ।हम राम नाम उपासना करते हैं, पावन जीवन जीते हैं और दूसरों की प्रार्थना व सेवा में अपना जीवन लगाते हैं..... यही गुरू कृपा है ।

अगली बार किसी गाड़ी के पीछे "गुरू कृपा" लिखा हुआ देखो तो मुस्कुराइएगा ! गुरू के सदा संग रहिए चाहे कष्टकारक दिन हैं या अश्रु भरे व संकटों से परिपूर्ण दिन । क्योंकि गुरूकृपा आपकी सदा सहायक होगी व रक्षा करेगी ।गुरूतत्व व गुरूकृपा सूक्ष्म रूप से सदा आपके अंग संग होते हैं। यही है गुरू कृपा

***

## *What is RAM KRIPA?*

*GURU'S BLESSINGS leads to a realization that Raam "Anga Sanga" or He is around in whatever be our endeavour!*

*Never mistake that when some goodie happens then its Ram Kripa otherwise its not!*

*Ram in our thought, action, deed and vac are the state of Ram Kripa!*

## राम कृपा क्या है?

गुरू की कृपा से यह अनुभव होता है कि राम अंग संग हैं या वे सदा संग हैं चाहे हम कैसे भी प्रयास करें।
ग़लती से कभी यह नहीं सोचना कि कुछ अच्छा घटित हुआ है तो वह राम कृपा है , अन्यथा नहीं !

राम हमारे विचारों में, कर्मों में , कृत्यों व वचनों में जब हों तो वही राम कृपा है !

*****

## *My Raaaum is Hope as Dawn*

*Within the depth of night*
*Hungry bird awaits for the dawn*
*Viraha looms large as loneliness*
*Smear the mind.*
*Tamas haunts*
*As ram bhakta hates it by now!*
*Break of dawn*
*The Brahma mhurtam*
*The light of sattvik sublimity*
*Light up the world*
*As petals of flower opens up with grace*
*Bees and butterflies hovers over*
*Birds spread wings*
*To search the food to feed*
*Ram bhakta searches for food*
*Atman needs its appetizer*

*Raaam dhun veil upon viraha*
*As enlightened self encounters Raam*
*The dynamic Raaam*
*Flowing beneath the surface*
*Of light and shades*
*In Naad shrot and sound waves of*
*Raaaaaaaaaaaaaaauuuuuum.*

## मेरे राम भोर की आशा हैं

*रात्रि की गहराइयों में*

*एक भूखा पक्षी भोर होने का इंतज़ार करता है*

*मन में अकेलेपन के कारण*

*गहन विरह छाया हुआ ।*

*तमस मँडराता है*

*जिसे राम भक्त घृणा करता है!*

*भोर के आगमन पर*

*ब्रह्ममहूर्त में*

*सात्विक दिव्यता का प्रकाश*

*संसार को प्रकाशित करता है*

*फूलों की पंखुड़ियाँ लावण्य भाव से खुलती हैं*

*उनपर भँवरे और तितलियाँ मँडराते हैं*

*पंछी अपने पंख फैलाकर*

*निकल पड़ते हैं भोजन की खोज में*

*राम भक्त भी भोजन ढूँढता है*

*अपनी आत्मा की भूख मिटाने के लिए*

*राम धुन विरह पर आवरण चढ़ा देती है*

*जैसे ही प्रबुद्ध आत्मा का राम से सामना होता है*

*राम की गतिशीलता*

*नाद के प्रकाश व विभिन्न रंगों के नीचे*

*बहती है।*

*****

### *Prakriti is My Raaaaaaum*

*O my Raaaaaaaum*
*You are creation and you are creator.*
*He is Tranquility of nature*
*He is the icon of eternal peace*
*He mirrors in Sky, Stream and bhumi.*
*He is colur of natures' harmony*
*Even fury where Shree Naad refracts.*
*He is the beauty of forest*
*He is the flower and foliage*
*Raaum is sublime nature.*

## *मेरे राम प्रकृति हैं*

*ओ मेरे राम*

*आप रचना हैं और रचयिता भी*

*आप प्रकृति की शांति हैं*

*आप श्री दिव्य शांति की मूर्ति हैं*

*जो आकाश, झरनों व भूमि में प्रतिबिम्बित होते हैं*

*वे प्रकृति के सौंदर्य के विभिन्न रंग हैं*

*रोष भी जहाँ श्री नाद अपना रुख़ बदल*

*लेते हैं*

*वे जंगलात का भी सौंदर्य हैं*

*वे फूल व पतियां हैं*

*राम ही दिव्य प्रकृति हैं।*

***

### *Divinity of Raaaaum.*

*Divinity is fathomed*
*In five elements*
*Your eyes are eternal*
*Now look at the beauty of world*
*And find Raam there everywhere.*
*Make your eyes inward looking or*
*Anarmukhi mode*
*Then I look all creations*
*As if Creator supreme is*
*Viewing the eternal beauty.*
*In the most beautiful creation*
*Find Shree Raam is placed*
*Then lobh or lure will turn into love for bhakti*
*O my Raaaaaauuuum.*
*The world is mesmerised*

*In colour, form and beauty*
*And "bhog bilash" splash across*
*And people become its prey.*
*But when our eyes look at all*
*With Raama bhava*
*Then psychical distance is formed*
*The enjoyment then turned from*
*Devil to divinely aesthetic*
*Searching all creation*
*From His perspective*
*Is finding the creator, the artists in Art*
*And aesthetics.*
*Eyes then follow the minutest creation*
*Of divine.*
*This is the sublime elevation*
*Of Raam Bhava Drishtikon.*
*The beauty of the nature*
*Swinging river and its banks*
*The sublime water*
*Becomes waves of divinity when*
*Air or breathe of Ram acts upon it.*
*The jyoti of light*
*Kisses the sky*
*As if nature is playing Raas Lila*
*Flower adds to divine enbrace*
*Within this inter play of nature*
*Mind merges with Ram Bhava*
*As He is Shristi He is Drashta*
*HE Sees and He enacts lila*
*In this Nature Raam Bhava is realized*
*As the whole creation is Raaaaam*
*Anubhav, anubhuti*
*All are realization of*
*Rama consciousness*
*Dwelling in the beauty of nature*
*Raaam is loving unification of Purusha and Prakriti*
*O my Raaaaaaaaaaaaaaaaaauuum.*
*The spiritual vision of beauty*
*Is sadhana itself.*
*Naam sadhana Bhav Sadhana*
*Is appreciating and internalizing*
*Supreme creator Raaaaaaaaaam.*

## *राम की दिव्यता*

*दिव्यता की गहराई*

*पाँच तत्वों में मापी जा सकती है*

*आपके नेत्र दिव्य हैं*

*अब देखिए संसार की सुंदरता*

*और राम को ही हर जगह पाइए।*

*अपने नेत्रों को अंतरमुखी कीजिए*

*तब मैं ब्रह्माण्ड की रचनाओं को ऐसे देखता हूँ*

*जैसे कि पूर्ण पुरूष रचियता दिव्य सौंदर्य*

*को देख रहे हों*

*सृष्टि की सबसे सुंदर रचना में*

*ढूँढिए जहाँ राम विराजमान हैं*

*तब लोभ व लालसाएँ भक्ति प्रेम में*

*रूपान्तरित हो जाएँगी*

*ओ मेरे राम*

*ये सृष्टि मंत्रमुग्ध है*

*रंग, रूप और सौंदर्य में*

*भोग विलास छलकते हैं*

*और लोग उसके शिकार बन जाते हैं।*

*पर जब हमारे नेत्र सब को*

*राम भाव से देखते हैं*

*तब एक मानसिक मार्ग प्रशस्त होता है*

*और भोग तब आसुरी से दिव्य*

*सौंदर्यात्मक बन जाता है*

*परमेश्वर की दृष्टि से सर्व रचना*

*को खोजना*

*रचियता को खोजने के समान है*

*जैसे चित्रकार को चित्र में और सौंदर्य में खोजते हैं ।*

*आँखें फिर सूक्ष्मतर परमेश्वर की रचनाओं को देखती हैं*

*यह राम भाव दृष्टिकोण का*

*दिव्य उत्थान होता है।*

*सृष्टि का सौंदर्य*

*नदि का लहलहाके बहना*

*और जब राम के स्वाँस उस पर पड़ते है*

*तब उसके किनारों पर दिव्य जल,*

*दिव्यता की लहरें बन जाती है ।*

*प्रकाश की ज्योति*

*आकाश को चुम्बन देती हुई*

*जैसे कि सृष्टि रास लीला खेल रही हो*

*फूल दिव्य आलिंगन करते हुए*

*सृष्टि के आपस में क्रीड़ा करने के बीच*

*मन राम भाव में विलीन हो जाता है*

*क्योंकि परमेश्वर ही सृष्टि हैं और वे ही द्रष्टा*

*वे ही देखते हैं और लीला रचते हैं*

*इस सृष्टि में राम भाव का अनुभव होता है*

*क्योंकि सम्पूर्ण रचना ही राम हैं*

*अनुभव, अनुभूति*

*सब राम चेतना की प्रबुद्धता हैं*

*जो सृष्टि के सौंदर्य में ओत प्रोत हैं*

*राम पुरूष व प्रकृति के प्रेममय ऐक्य हैं।*

*ओ मेरे राम*

*सौंदर्य की अध्यात्मिक दृष्टि ही स्वयं साधना है।*

*नाम साधना, भाव साधना परम रचियता राम*

*के गुण गान करना व आंतरिक जाना ही है।*

***

## *Eternal Truth is Raaaaum*

*Ram Naam is absolute truth*
*That Guru Tattwa utters*
*As naam vachan is cosmic commandments*
*That is nectarine reality*
*Which echoes around.*
*In the supreme prem bhava*
*Shree Ram Resides as bhakti*
*He keeps His proximity with you*
*In his innovence and truthful vac*
*As in truth only in truth*
*My loving Raam resides.*
*Find your divya innocence within*
*Discover your loving Sakha in you only*
*Ram vac is staya vachan*
*Where Ram rides and resides.*
*Raaaaaaauuuum*

## *शाश्वत सत्य राम ही हैं*

*राम नाम परम सत्य है*

*जो गुरूतत्व उच्चारते हैं*

*नाम वचन ब्रह्माण्डीय उपदेश हैं*

*यही मधुमेह वास्तविकता है*

*जो हर तरफ़ गूँजती है ।*

*पूर्ण प्रेम भाव में श्री राम*

*भक्ति के रूप में विराजमान होते हैं*

*अपने सरल व सत्य वचनों में*

*वे आपके समीप होते हैं*

*क्योंकि सत्य व केवल सत्य में ही*

*मेरे प्यारे राम रहते हैं ।*

*अपनी दिव्य सरलता को*

*भीतर खोजिए*

*अपने प्यारे सखा को अपने में ही पाइए*

*राम वचन ही सत्य वचन हैं*

*यहीं राम चलते व विराजमान रहते हैं*

*राम*

*****

## *Lotus Feet of Shree Raaaaum*

*Lotus Feet of Shree Raam*
*The pious most entity of Shree bhava*
*That pious people follow....*

*Shree Swamiji Maharaj Shree told us*

*In Shree Ram Durbar*
*One should choose an obscure corner*
*Though amidst all the sadhaks*
*Keeping Raaam inside*
*Having controlled mind*
*And with Maun bhava within*
*It spells out silence.*
*Touch of Shree Raam*
*Comes from drishti*

*Looking at*
*Shree Shree Adhistanji*
*Then Ram dhun cleanses*
*the body and mind*
*Which brings oneness and Unification*
*With Raaaaauuum.*

## ***श्री राम के चरण कमल***

*श्री भाव की सबसे पावन सत्ता*

*जो पवित्र लोग अनुसरण करते हैं*

*आपश्री के चरणकमल*

*फूलों का गुलदस्ता है*

*जिसकी दिव्य महक है*

*आपश्री की चरणों की धूलि तो चंदन समान है*

*जो हमें स्मरण कराते हैं कि यह कोई*

*साधारण चरणकमल नहीं*

*अपितु दिव्य चरण मेरे राम के हैं*

*जो कि ब्रह्माण्ड में*

*ऐसा वातावरण बुनते हैं*

*कि मेरे सन्दिग्ध स्नेहाशीश राम से*

*अति पावन भाव निकलते हैं*

*श्री स्वामी जी महाराज श्री ने हमें बताया कि*

*राम दरबार में*

*एक अव्यक्त कोना ले लें*

*सभी साधकों के बीच*

*राम को अंदर स्थापित किए हुए*

*मन पर नियंत्रण किए हुए*

*अंतर में मौन भाव रखे*

*वह शांति प्रदान करता है ।*

*श्री राम का स्पर्श*

*श्री अधिष्ठान जी को निहारने से होता है*

*और राम धुन मन व शरीर को पावन कर देती है*

*जो कि राम के साथ*

*एक्य व मेल ले कर आता है ।*

****

*Ram Naam Consciousness as I understand is not to become Encycopeadic dictionary of whole cosmos but being able to CONNECT the UNIVERSAL WISDOM whenever required. It's possible with RAM NAAM SADHANA.*

राम नाम चेतना जिस तरह मुझे समझ आती है,पूर्ण ब्रह्माण्ड की एक विश्वकोश का शब्दकोष बनना नहीं है अपितु जब भी ज़रूरत हो उस सार्वभौमिक ज्ञान से जुड़ जाना है। यह राम नाम साधना से समंभव है।

*****

*Nothing is MINE*
*Even not ME!*

*I am no pessimist*
*I am trying to win over my EGO!*
*Because I am HIS*
*What I do for HIM.*
*I will be one handful of ash*
*But forever HE will be.*
*All is Thy and Thine*
*Nothing is Mine!*
*MY RAAAAAAAAUUUM*
*Is absolute truth.*

*मेरा कुछ भी नहीं है*

*मैं भी नहीं*

*मेरी नकारात्मक सोच नहीं है*

*मैं केवल अपने अहं पर विजय*

*प्राप्त करना चाह रहा हूँ*

*क्योंकि मैं उसका हूँ*

*जो भी करता हूँ केवल*

*उसके लिए करता हूँ ।*

*मैं एक दिन मुट्ठी भर राख*

*बन जाऊँगा*

*पर वे तो सदा रहेंगे*

*सर्वस्व आप हैं और आपका है*

*मेरा कुछ नहीं।*

*मेरे राम*

*ही सम्पूर्ण सत्य हैं ।*

***

*I am not aware about it. Suddenly landed.*

*Ram naam mantra se antarmukhi hokey antarkaran sey jab hum atmanbodh pey pahonchtey hain tab ek adbhut prakash maye antariksh dikhta hai jo shayed anhad sey ageyki yatra ho.... Raaaam tu hi janey. Ye to mera bhi soch nai Hey mere Raaum.*

मैं इससे अवगत नहीं हूँ । अचानक जागरुक हुआ ।

राम नाम मंत्र से अंतर्मुखी होकर अंतःकरण से जब हम आत्मबोध तक पहुँचते हैं तब तक एक अद्भुत प्राकाशमय अंतरिक्ष दिखता है जो शायद अनहद से आगे की यात्रा हो .... राम तू ही जाने । यह तो मेरी भी सोच नहीं है .. हे मेरे राममम

***

*Why we can't see God do you know? We do not know How to see Him and where to see Him!*

*He is everywhere, in every thought and action. He is in all that is Innocent. He is in all the pain and sufferings so in the healer and healings. He is in the prayer. He is in love. He is in respect and care.*

*Are you stll searching My Raaaaum?*

क्या आप जानते हैं कि हम परमेश्वर को क्यों नहीं देख सकते ? हम नहीं जानते कि उसे कैसे देखा जाए और कहाँ देखा जाए ! वे सर्वव्यापक हैं , हर विचार व कृत्य में । वे हर उसमें हैं जो सरल है । वे हर पीड़ा व वेदना में हैं तथा वैद्य व औषधि में । वे प्रार्थना में हैं तथा प्रेम में । वे आदर व सम्मान में हैं।

क्या आप अभी भी मेरे राम को खोज रहे हैं ?

***

*Divine relations are not proven through DNA tests. EVERY PERSON HAS THE MOST MODERN LAB CALLED SPIRITUAL SELF which always proves that Divinity is inseparable like our shadow. But*

*how much time we allot to this PERMANENT RELATION! We have time for everything and everyone but only a quick namaskar or a mala or two for our Loving Eshta. So we have been living for impermanent relations for so long thus we suffer. Thousands of people we befriended and nothing substantial we remember. This is impermanance of relations. In an awakened 16 hrs in a day we spend 2 to 30 min for Divine. Calculate from the age of 10 till now what is the total time you lived and out of that how much for divine sakha or loving God. Do this small exercise. This may change your lifescape.*

*Why people get hurt you know? We decline to accept changes and deny the whole world is constantly evolving and manifesting.*

*Impermenance and perishable are the only two Constants in the world of Maya.*

*An eternal mind knows one relation will never change that is with God any name you give it! For me Raam I will be His no matter I love him, I fight with Him or anything. HE HOLDS MY HAND FOR SURE.*

दिव्य सम्बंध DNA के प्रशिक्षण द्वारा प्रमाणित नहीं किए जाते ।हर व्यक्ति के पास सबसे आधुनिक प्रयोगशाला है आध्यात्मिक आत्मा जो सदा यही प्रमाण देती है कि दिव्यता हमारी छाया की भाँति हमसे पृथक नहीं हो सकती ! पर हम कितना समय इस स्थायी सम्बंध को देते हैं ! हमारे पास हर चीज़ व हर एक के लिए समय है पर केवल एक जल्दी से किया हुआ नमस्कार या माला हमारे प्यारे ईष्ट के लिए । हम कितना समय अस्थाई सम्बंधों के लिए बिताते हैं तभी तो पीड़ा सहते हैं ।हज़ारों लोगों से मित्रता की किन्तु कुछ भी स्मरण नहीं रहता । यही है अस्थाईता इन सम्बंधों की । जागृत १६ घण्टों में से केवल २-३० मिनट तक परमेश्वर के लिए व्यतीत करते हैं । अपनी दस वर्ष की आयु से गिनती कीजिए कि कितना समय आपने अपने दिव्य सखा या परम प्यारे परमेश्वर को दिया है । कीजिएगा यह छोटी सा प्रयोग । हो सकता है यह आपके जीने का नज़रिया ही बदल दे !

क्या आप जानते हैं कि लोग क्यों आहत होते हैं ? हम परिवर्तन को अपनाने की स्वीकृति नहीं देते और यह मानने से अस्वीकार कर देते हैं कि संसार हर पल हर क्षण विकसित व अभिव्यक्त हो रहा है ।

अस्थाई व नश्वरता ही इस मायावी जगत के दो स्थिरांक हैं ।

एक दिव्य मानस जानता है कि एक सम्बंध कभी नहीं बदलेगा और वह है परमात्मा का संग ! कोई भी नाम आप दे दें! मेरे लिए राम ! मैं उन्हीं का हूँ चाहे मैं उनसे प्यार करूँ , लड़ूँ या कुछ भी । वे मेरा हाथ पकड़े हुए हैं इसका मुझे पूर्ण विश्वास है ।

***

*O My Eshta Nirakar Adwaita Raaaaum.*

*I since detached from you*
*floating in whrilpool*
*Cosmos sucked me within.*
*High and low of births*
*Deeds of dynamics*
*Shown me unknown*
*Told me in whisper*
*That unreal maya is Lila.*
*Dwelled in mystrey*
*Some time in vedic chanting*
*Sometime religion of*
*Rituals and sound*
*Somewhere anotomy*
*And skull*
*Sometime Shakti, Shakta and Bhakti*
*Sometime a fallen life*
*Of lower wish*
*Sometime unethical leader*
*Somewhere luxury of mine*
*Some time with all comforts*
*Yet tears of losses after loses*
*Of mortal dears*
*In the bygone past*
*Sometime nature pinched my end*
*Sometime I became anti nature*
*In dommed life*
*moral values got flouted*
*Sometime died for purity and piousness*
*I remain detached entity*
*Dwelled in Ignorance.*
*Searched wisdom*
*Discovered sublime Naaam.*
*I am no more me*
*I hv lost my joy and pain*
*I know not what I know*
*Or get to know.*
*Intensed trance*
*Insane logics*
*Thesis beyond life*
*Anti thesis is in life.*
*Mysteries are unravelled*

*Decoded codes got new codes*
*I continue to encounter*
*The enigma*
*And engage myself*
*For negotiations*
*Amidst challenges*
*And all these are fine*
*And welcome*
*Till I cease to think*
*And empty my memory bank*
*Of this and all other births*
*Then I will be no more of any possession*
*None would possess me*
*I will befriended in unknowness*
*I will be nameless*
*Till the Time Ram Himself embraces me*
*And give His own name*
*And hide me from the world.*
*As he loves my anonymous*
*Of anomoly.*
*But His love is solace*
*And in Him*
*Anamika is Bliss!*

*ओ मेरे ईष्ट निराकार अद्वैत राम*

*जब से मैं आप से पृथक हुआ*

*भँवर में तैरता हुआ*

*ब्रह्माण्ड ने मुझे अपने अंदर खींच लिया ।*

*जन्मों के उताव चढ़ाव*

*कृत्यों की गतिशीलता*

*अज्ञात का दिखना*

*धीमे से मुझे बताना*

*कि माया सत्य नहीं है ।*

*रहस्य में रहते*

*कभी वेदों का उच्चारण*

*कभी ध्वनि व अनुष्ठानों के धर्म*

*कभी शरीर रचना*

*व खोपड़ी*

*कभी शक्ति, शक्ता और भक्ति*

*कभी गिरा हुआ जीवन*

*निम्न स्तरों का*

*कभी भ्रष्ट नेता*

*कभी विलास में रमा*

*सभी सुखों के साथ*

*पर आँसु हर हानि व*

*संसारी प्रियजनों के*

*बिछड़ने पर*

*बीते हुए कल में कभी*

*प्रकृति ने मुझे चुभन दी*

*कभी मैं प्रकृति विरोधी हुआ*

*अपराधी जन्म में नैतिक मूल्यों*

*का उल्लंघन हुआ*

*कभी मैं पवित्रता व धार्मिकता*

*के लिए मरा*

*मैं एक निर्लेप सत्ता हूँ*

*अज्ञानता से घिरा हुआ ।*

*ज्ञान की खोज की*

*और उदात्त नाम पाया ।*

*मैं अब मैं नहीं रहा*

*मुझसे ख़ुशी व ग़म गुम हो गए हैं*

*मुझे नहीं ज्ञात कि मुझे क्या पता है*

*या क्या जानना है ।*

*गहरी समाधि*

*उन्मत तर्क*

*जीवन के पार के निबंध*

*पर इस जीवन के विरोधी निबंध।*

*रहस्य के भेद खुले*

*संकेतावली समझे गए तथा नए कोड मिले*

*रहस्यों से सामना होता गया*

*और अपने आप को बातचीत में मग्न रखकर*

*चुनौतियों के मध्य में*

*यह सब ठीक है और इनका अभिनंदन भी है*

*तब तक जब तक मैं अपनी स्मृति इन सबसे*

*व पिछले जन्मों से ख़ाली नहीं कर लेता*

*तब मेरे पास कुछ नहीं होगा*

*मुझ पर भी किसी का स्वामीगत*

*भाव नहीं होगा*

*मेरी अज्ञात से मित्रता होगी*

*मैं बदनाम हूँगा*

*जब तक राम मुझे स्वयं नहीं गले लगा लेते*

*और मुझे अपना नाम नहीं दे देते*

*और संसार से मुझे छिपा नहीं लेते ।*

*क्योंकि वे मेरी गुमनाम असंगति*

*बहुत पसंद करते हैं ।*

*पर उनका प्रेम शांति देता है*

*और उनमें अनामिका आनन्दमयी है ।*

*****

*Ram Naam is benefic eternal power.*
*Imbibing Ram Naam attributes*
*Is the way of life for Ram Naam Upasak.*
*Pure selfless love for all*
*And wishing good and praying for others*

*Are attributes of Raaaaam*
*As he HE is paramdayalu.*
*To beget ram Bhav*
*Our Dharma and karma*
*be as servant to all*
*As "paropakar mey Raaaum hai."*
*Share your might*
*Share your bhava*
*Share your time and*
*give company to lonely abandoned souls*
*Share your wisdom*
*Even share your wealth*
*And serve all*
*as all Are RAAAM*
*And your karma is of Raaaam only.*
*Bhava Sewa is Raam Seva*
*Be in Raaaaaamanand state of Bliss.*
*Raaaaaaaaaaaaaaaauuuum*

*Ram is Mangalik supreme*
*He is the essence of Spiritual Wisdom*
*He is the holder of utimate truth.*
*Raam is the summing up*
*Of Bhakti yog*
*He once smears a Ram Naam Sadhsk*
*The body itself becomes Ramansha*
*Ram Remains Dev and divine light aswell*
*He is filled with love and truth*
*Such is my Raaaaaauuuum.*

*राम नाम दिव्य कृपामय शक्ति है ।*

*राम नाम के गुणों को अपनाना*

*राम नाम उपासक का जीवन होना चाहिए ।*

*सभी के लिए पवित्र निरपेक्ष प्रेम होना*

*और सभी के लिए सद्भावना तथा प्रार्थना करना*

*राम के गुण हैं*

*क्योंकि वे परम दयालु हैं ।*

*राम भाव प्राप्त करने के लिए*

*हमारा धर्म व कर्म दूसरों के दास होना है*

*क्योंकि " परोपकार में राम हैं "*

*अपनी शक्ति बाँटिए*

*अपने भाव बाँटिए*

*अपना समय बाँटिए*

*अपना साथ अकेलेपन तिरस्करित आत्माओं*

*के साथ बाँटिए*

*अपना ज्ञान बाँटिए*

*अपना धन भी बाँटिए*

*और सभी की सेवा कीजिए*

*क्योंकि सभी राम हैं*

*और आपके कर्म केवल राम के लिए ही हैं ।*

*भाव सेवा राम सेवा है*

*रामानन्द स्तर के आनन्द में रहिए ।*

*राममममममम*

*राम परम माँगलिक है*

*वे ही आध्यात्मिक ज्ञान के मूलतत्व हैं*

*वे ही परम सत्य हैं ।*

*राम भक्ति योग के समन्वय हैं*

*जब वे स्वयं राम नाम साधक*

*को ओत प्रोत करते हैं*

*तो देह स्वयं रामांश बन जाती है*

*राम देव हैं व दिव्य प्रकाश भी*

*वह प्रेम व सत्य से परिपूर्ण हो जाता है*

*ऐसे मेरे राम हैं ।*

*****

*Raam Bhava is epitome love*
*It is sumadhur Shrishti*
*It is sublime spiritual journey*
*And with humbleness one begets it.*
*Like guruvachan the pious words*
*Uttered by Ram Naam sant*
*Be noted minutely.*
*Ram Naam Bhav sadhana*
*Allows you to listen to divine*
*Whispers in dhyan.*
*Those are eternal wisdom must be noted*
*For upgrading Naam sadhana.*
*Even with humbleness*
*Sub zero ego state*
*One has sangati of Raam Bhakt*
*Then Raam bhakti envelopes you too*
*Such is loving Naam sadhana and*
*Raaaaaaaaaaaauuuum.*

*राम भाव प्रेम के प्रतीक हैं*

*वह सुमधुर सृष्टि है*

*वह उदात्त आध्यात्मिक यात्रा है*

*और विनम्रता से हमें यह प्राप्त होता है ।*

*जिस तरह गुरू वचन*

*जो पावन शब्द हैं*

*राम नाम संत द्वारा उच्चारण*

*किए गए*

*सूक्ष्म रूप से मनन करने चाहिए ।*

*राम नाम भाव साधना*

*दिव्यता के धीमे सुरों को ध्यान में*

*सुनने की अनुमति देता है ।*

*अपनी नाम साधना का उत्थान करने के लिए ।*

*वह दिव्य ज्ञान ध्यान में रखना चाहिए*

*विनम्रता के संग*

*शून्य से भी नीचे स्तर पर*

*यदि राम भक्त की संगति मिले*

*तो राम भक्ति आपको भी ओत प्रोत कर लेती है*

*ऐसी प्यारी है राम साधना व राममममममम।*

***

## *Raam Taatwa and Gurutattwas*
## *Smears few sadhak*

*As Raam Dharana, Dhyaan, Drishti , Dhara prabha of Raam Naam jaap*
*Gives Raam Siddhi to some sadhak.*
*Sannidhya or being with them*
*Itself is Bliss Satchitananda.*
*Like the Guru sthan and Asan*
*Raaamatattwa rests for ever.*
*These places are full of Tirtha Gunna*
*Or the space is filled with divine attributes*
*Of Siddha peetha snd sacred land*
*Such divine sumiran is*
*RAAAM NAAM SADHANA AND SIDDHI.*

## *राम तत्व और गुरूतत्व कुछ एक साधकों को लिप्त करते हैं*

*राम नाम जाप की राम धारणा, ध्यान, दृष्टि, धारा प्रवाह*

*कुछ साधकों को राम सिद्धी प्रदान करती है ।*

*उनका सानिद्धय ही आनन्द सच्चिदानंद है ।*

*गुरू स्थान व आसन की तरह*

*राम तत्व सदा स्थिर रहते हैं ।*

*ये स्थान तीर्थ गुणों से परिपूर्ण होते हैं*

*या क्षेत्र सिद्ध पीठ व धार्मिक क्षेत्र*

*दिव्य गुणों से भर जाता है*

*ऐसा दिव्य सुमिरन है*

*राम नाम साधना और सिद्धि ।*

*Naam sadhak whose life is*
*Coated with Raam Naam*
*Inner aakash or vaccum of body is*
*Filled with Raam Naam*
*Becomes Raaaum Himself*
*Meeting such soul is bliss*
*And celebration of Ram Naam Siddhi.*
*Even glimpses of them provide us*
*Ananada or eternal bliss*
*Such is glory of Raaaaaaaaaaaaaaaum*

*नाम साधक जिसका जीवन*

*राम नाम से लिप्त है*

*देह के भीतर का आकाश*

*राम नाम से परिपूर्ण हो जाता है*

*वह स्वयं राम बन जाता है*

*ऐसी आत्मा से अवगत होना आनन्द है*

*तथा राम नाम सिद्धी का उत्सव मनाना है*

*ऐसों की केवल झाँकी ही हमें*

*आनन्द या दिव्य आनन्द से भर देती हैं*

*ऐसी है राममममम नाम की महिमा*

*Ram Naam Sadhak*
*Becomes pure and sattwik*
*As Ram Naam Siddhi blesses them*
*And pure bhava they beam.*
*If such becomes Ram Naam Sadhak*

*Then bow before them*
*Accept them as divine friend*
*And treat all Naam Upasak as Ram*
*Each Sadhak as intangible Mandir*
*And there flows eternal self less love*
*Such is the glorious*
*Ram Naam Aradhana.*
*Be judgemental to self how much*
*Closer we became to*
*Sacred Ramabhava!*

*जब राम नाम सिद्धि आशीर्वाद देती है*

*तब राम नाम साधक*

*पावन व पवित्र बन जाता है*

*और पवित्र भाव विस्तृत होता है ।*

*यदि साधक ऐसा बन जाता है*

*तो उनके समक्ष नतमस्तक होकर*

*दिव्य सखा स्वीकार कीजिए*

*और उस राम उपासक को राम ही मानिए*

*हर साधक को अमूर्त मंदिर ही मानिए*

*और वहाँ दिव्य निस्वार्थ प्रेम बहता है*

*ऐसी श्रेष्ठ है राम नाम आराधना ।*

*स्वयं का अनुमान लगाते जाइए*

*कि हम कितने निकट पावन रामभाव*

*के आ गए हैं ।*

*****

*O my Raaaum*
*You are pure Nectar*
*That assures immortality*
*Your name works beyond time and space*
*Thy name cultivates Ram Naam harvest*
*As fields meaning Sadhak*
*Get watered well as Ram Beej*
*Sprout to excellence with Guru kripa*
*The Mangalik Ram ensures*
*Mangalik Deed of naam sadhak*
*As eternal Divine RAAAAAUM is*
*Worshipped with every divya chintan,*
*Naam jaap and Pavan Karma*
*Such pure is my Bhava Eshta*
*Raaaaaaaaaaaauuum.*

*ओ मेरे राम*

*आप पावन मधु स्वरूप हैं*

*जो मुक्ति का आश्वासन देते हैं*

*आपश्री का नाम समय व क्षेत्र के पार*

*कार्य करता है*

*आपश्री का नाम राम नाम की*

*फ़सल विकसित करता है*

*जैसे की साधक रूपी खेत को*

*पानी मिलता है*

*तो राम बीज गुरू कृपा से*

*उत्कृष्टता को*

*अंकुरित होता है*

*माँगलिक नाम, नाम साधक*

*से माँगलिक कृत्य करवाते हैं*

*क्योंकि दिव्य राममममम की आराधना हर*

*दिव्य चिंतन, नाम जाप और पावन कर्मों से होती है*

*ऐसे पावन हैं मेरे भाव ईष्ट रामममममम।*

*****

*Raam Naam contemplation*
*Begins with pious utterance*
*Lips do naam jaap in ananant bhava*
*Raam Raaaaaum travels*
*from inner to inner most*
*As it purifies the antarkarn*
*The Sanctum Sabtorium of*
*Ramalaye the very body of*
*Ram Naam sadhak*
*As bhava of body becomes*
*Purified with Naad Shree Raaam.*
*Such is my loving*
*Raaaaaaaaaaaaaaaaaaauuuum.*

*राम नाम का चिंतन*

*पावन उच्चारण से आरम्भ होता है*

*अधर नाम जाप अनन्त भाव में करते हैं*

*राम नाम भीतर गहराई में जाता है*

*जैसे वह अंतःकर्ण को शुद्ध करता है*

*रामालय का  पावन स्थान*

*जो नाम साधक की देह है*

*नाद श्री राम से*

*देह के भाव पवित्र हो जाते हैं ।*

*ऐसे हैं मेरे प्यारे राममममममम ।*

***

*O my Raaaaaaauum you are Shree Naad*
*Your melodious sound, your sacred name*
*Resound and rebound in my ears*
*As in in my pran utsa or in heart*
*Thy name revolves as nectarine name*
*O my sublime shabda Brahmanda*
*My Raauuuuum.*

*ओ मेरे राम आप श्री नाद हैं*

*आपकी मधुरमय ध्वनि , आपश्री का पावन नाम*

*गूँजता है और प्रतिबिंबित करता है*

*जैसे मेरे प्राण उत्सा में या हृदय में*

*ओ मेरे उदात्त शब्द ब्रह्माण्ड*

*मेरे रामममममममममम*

***

*O my Raaum you are jyoti swarup*
*Light of cosmos be it Sun or Moon*
*You remain the spiritual shine*
*In your light Hey Prakriti*
*I find you O my Raaum*
*And that lights up my brilliance*
*Of atmik perception*
*To internalize your Tej rup Shakti*
*O my Raaaaaaaauuuum.*

***

*ओ मेरे राम आप ज्योति स्वरूप हैं*

*ब्रह्माण्ड का प्रकाश चाहे सूर्य हो या चंद्र*

*आप आध्यात्मिक प्रभा रहते हैं*

*आपश्री के प्रकाश में हे प्रकृति*

*मैं आपश्री को प्राप्त करता हूँ*

*ओ मेरे राम*

*और जो मेरे आत्मिक अनुभव*

*की प्रतिभा को प्रकाशित कर के*

*आपकी तेजस्वरूप शक्ति को अंतरमुखी करती है*

*ओ मेरे राममममम*

***

## *GLORY OF RAAM NAAM.*

*SHREE SHREE SWAMIJI MAHARAJ SHREE declared for Ram Naam sadhak*

*Our body be Shivalaya*
*Icon is Ram Naam*
*Anhad naad be aarti dhwani*
*Which goes on for ever!*

*Today we will be consciously thinking on these and work towards mid way corrections. HEY RAAAAAAAUUUUM Avatarit hoiye aap aur samjhayey ye adhyatmik lila as I am ignorant of all.*

## *श्री श्री स्वामीजी महाराजश्री ने राम नाम साधक के लिए कहा*

*हमारी देह बने शिवालय*

*राम नाम मूर्ति*

*अनहद नाद हो आरति ध्वनि*

*जो सदा सदा चलती जाए!*

*आज हम चेतन भाव में इन पर चिंतन कर अपने आप को सुधारेंगे। हे राम अवतरित होइये आप और समझाइए यह अध्यात्मिक लीला क्योंकि मैं तो सबसे अज्ञानी हूँ।*

***

## *DREAM : PARALLEL VAIKUNTHA*

*Ram Ram. I got up in the morning with a thought PARALLEL VAIKUNTHA. I jostled for an hour and am just sharing it in my time lime. Treat it just as dream.*

*There exsists a parallel Vaikuntha. Its a space of white, yellow, and red like sindur which are colour symbol of that Vaikuntha. Here worst or rude persons become sublime. All are in mannan state like simran. Unfarmful non intetfering existance. Minimum vak is used. Sublime bhava all*

*around. No estacy no ananda and no sorrow even no remorse of pain. As if its divine void away from mortal concept of sorrow and happiness. No one laughs here but all faces are sublime, the light temperature is medium where people are interacting in silence.There is no icon, no mandir, no ritual, no text. This is Parallel Baikuntha, I was told, may be some light years away. It's pure bhava that is the atmosphere of this Parallel Vaikuntha. It is light, thin, pure, soundless, sublime, divine, reflective mood.*

*Well what a wonderful dream. Parallel Baikuntha of Bhakti! Does it exist? Ram Ram.*

## स्वप्न: समानांतर वैकुण्ठ

राम राम । मैं समानांतर वैकुण्ठ विचार के साथ आज सुबह उठा । मैंने एक घण्टे तक धक्का खाया और अब आप के साथ बाँट रहा हूँ । कृपया स्वप्न ही समझिए ।

एक सामांतर वैकुण्ठ है। वह श्वेत, पीला और सिंधूर की भाँति लाल क्षेत्र के समान, जो वैकुण्ठ के रंगों के चिन्ह हैं । यहाँ सबसे गिरे हुए व क्रूर इंसान भी उदात्त बन जाते हैं । सभी यहाँ सिमरन जैसी मनन की स्थिति में हैं । सुरक्षित व बिना किसी हस्तक्षेप का अस्तित्व । कम से कम वाक् का उपयोग होना । चारों तरफ़ उदात्त भाव । कोई उत्तेजना नहीं, न खुशी न ग़म । कोई हँसता नहीं है पर सभी के चेहरे उदात्त हैं , प्रकाश का ताप भी मध्यम है और लोग आपस में मौन में ही परस्पर मिल रहे हैं । यहाँ कोई विशेष चिन्ह नहीं है, न मंदिर, न धार्मिक गतिविधियाँ , न ही टेक्स्ट । यह सामांतर वैकुण्ठ है , मुझे बताया गया कुछ ही प्रकाश वर्ष का दूरी पर । सामांतर वैकुण्ठ का वातावरण पवित्र भाव का है । वह हल्का, पतला, पावन, बिना ध्वनि के, उदात्त, दिव्य, चिन्तनशील भाव ।

कितना सुंदर स्वप्न । भक्ति का सामांतर वैकुण्ठ ! क्या सच में इसका अस्तित्व है ?

राम राम.

***

## *RAM ---THE ULTIMATE REFUGE*
## *Understanding SHARANAGATA*

*Shree Shree Swamiji Satyanand Maharaj Shree taught us that SHREE RAAM is most merciful or Param Dayalu. This is Universal truth. Maharishi elaborated the eternal wisdom of Swamiji Maharaj Shree that complete surrender to RAM can erase all our negations and Paap. But our ego does not allow that. I am not talking about mortal and materialistic ego even the most spritualistic person or sadhak suffers from this cancerous Ego or Pride and do dictate as if they are all knower and whatever be their perception or knowledge they have are absolute. Here Maharishi intervened and said that complete surrender means what to talk about knowledge, even the Bhakti is HIS. Such should be the state not just a thought perspective. Maharishi taught us that Shree Ram Pardons all who has done complete surrender or became SHARANAGATA.*

*I pray to Sadguru and Gurujan to make me realize the word so that Bhakti of ours becomes absolute. Pranam Atmik Pranam Bhiksha do Maharishi and make us understand SHARANAGATA .*

*Shree Raaam is Nirakar absolute Supreme.*

*HE is cause and effect of Cosmos.HE is in you*

*All pride and ego becomes dust with His kripa*

*Resonance of Shree Naad is the All doer.*

*Awakened self HE gives when we destroy our Aham or Ego or hamara MEY*

*Not even the" thinking" you are doing is yours. This is Para Bhakti.*

*Altar called RAM NAAM where "I" is sacrificed.*

*GIvens are nothing But HIS. Be that is good or bad. But to crossover Ram Bhakti of extreme nature are the pre requisites.*

*Abosolute TRUST with no question from Human mind can make us SHARANAGATA.*

*Tear off that canvas where you drew yourself bigger than life size to say "I AM THE ENTITY" Ram Bhakta even does not create fuss about my guru thine guru or who said what.Nothing but Shree Ram exists. Such absolute realization that I AM HIS and HE IN ME and then live life would make us realize how to be in the Sharanagat state.*

*Am not even bhakta without His Ashray be in that bhava for absolute refuge in Ram.
I am in Him. He is in Me are reality.
But when I say "I am HE" then problem starts. Selflessness is para bhakti.
Constant rememberance or Ram Naam Simran can inch us towards this "I am in HIM" and nothing is mine not even my possession,my relations, not my body not even my buddhi nothing is mine. This is the stage of Sharanagata. But whether destroying self is achieved or not! This*

*will be told by SHREE RAM himself to you as this is very personal divine inner journey. Raaaaaaaaauuuum.*

## राम --- परम शरणागति

## शरणागत को समझें

श्री श्री स्वामीजी सत्यानंद जी महाराज श्री ने हमें सिखाया है कि श्री राम परम दयालु हैं ।यह एक सार्वभौमिक सत्य है ।महर्षि ने विस्तृत कर के समझाया कि स्वामी जी महाराज श्री का अनंत ज्ञान बताता है कि राम पर सम्पूर्ण शरणागति सभी नकारात्मकताओं व पापों को धो डाल सकता है । पर हमारा अहंकार इसकी स्वीकृति नहीं देता ।मैं नश्वर या भौतिक अहंकार की बात नहीं कर रहा, एक बहुत अध्यात्मिक साधक भी इस कैंसर रूपी अहंकार के वशीभूत हो सकता है, और वे इस तरह बात करते हैं जैसे कि वे ही सर्वज्ञाता हैं और जो उनके देखने का नज़रिया है वही सर्वोच्चय है ।यहाँ महर्षि समझाते हैं कि सम्पूर्ण समर्पण का मतलब कि ज्ञान की ही क्या बात करनी , भक्ति भी परमेश्वर की है ।ऐसा स्तर होना चाहिए ना कि एक विचारधारा । महर्षि ने समझाया कि श्री राम सब को क्षमा कर देते हैं जिन्होंने सम्पूर्ण समर्पण कर दिया है या वे शरणागत हो गए हैं ।

मेरी सदगुरू व गुरुजनों से प्रार्थना है कि वे मुझे शरणागत शब्द का मतलब समझाएँ ताकि हमारी भक्ति परिपूर्ण हो सके ।

प्रणाम आत्मिक प्रणाम ..भिक्षा दीजिए महर्षि और हमें शरणागत समझाइए ।

श्री राम परम पुरूष निराकार हैं ।

वे ही ब्रह्माण्ड के कारण और प्रभाव हैं । वे आप में हैं ।

उनकी कृपा से अहंकार व मद सब धूलि बन जाते हैं ।

श्री नाद की गूँज ही सर्व कर्ता है ।

जागृत मैं का वे दान देते हैं जब हमारे अहम् या हमारी मैं का नाश हो जाता है ।

हमारी सोच भी हमारी नहीं रहती । यह पराभक्ति है ।

राम नाम वह वेदि है जहाँ मैं का त्याग होता है ।

सब कुछ उन्हीं का ही दिया हुआ है । चाहे वह अच्छा है या बुरा है । पर राम भक्ति की चरम सीमा ही इसकी पूर्व अपेक्षित सामग्री हैं ।

सम्पूर्ण विश्वास व कोई भी प्रश्न मानव मन का शेष न रहने पर वह हमें शरणागत बना सकता है।

फाड़ कर फेंक दीजिए वह कैन्वस जहाँ आपने अपना जीवन से भी बड़ा चित्र बना रखा है जो कहता है "मैं ही सत्ता हूँ "

राम भक्त तो इसका भी नहीं बतंगड़ बनाता कि मेरा गुरू या तेरा गुरू या किसने क्या कहा । और कुछ नहीं केवल राम ही सत्य हैं । ऐसी सम्पूर्ण अनुभूति कि मैं उसका हूँ और वे मुझ में हैं .. ऐसा जीवन जीना हमें यह अनुभव करवा देगा कि शरणागत की स्तिथी क्या है ।

मैं तो भक्त भी नहीं हूँ उनके आश्रय के बिना, इस भाव में रहना ही राम में सम्पूर्ण शरणागति है ।

मैं उन में हूँ व वे मुझँ में हैं यही वास्तविकता है ।

पर जब हम यह कहते हैं कि मैं परमेश्वर हूँ , तभी सब गड़बड़ का आरम्भ हो जाता है । निस्स्वार्थता ही पराभक्ति है ।

राम नाम का सतत सिमरन हमें इस भाव की तरफ़ ले जा सकता है कि " मैं राम में हूँ " मेरा कुछ भी नहीं , कोंई अधिकार नहीं ,मेरे सम्बंध , मेरा शरीर और न ही मेरी बुद्धी , कुछ नहीं मेरा ।यह शरणागत का स्तर है ।पर आपके अहम् का नाश हो गया है कि नहीं यह केवल श्री राम ही आपको बताएँगे क्योंकि यह एक बहुत ही व्यक्तिगत दिव्य अंतर यात्रा है ।

*राम*

*****

## *Maun pey Manan aur Guru key Margdarshan*

## *CONTEMPLATING ON MAUN -GURU GUIDES*

*Sadhak: Maharajshree Pranam*

*Guru: Kaisey ho vatsa?*

*Sadhak: Theek hi hun magar jeevan mey bahot shor haiy.*

*Guru: Ram Naam ka jaap kar raheh ho?*

*Sadhak: Jitna ho pa raha hai kar raha hun baki jeevan key utar chado ney maan ko chaos bana diya hai.Samaj, parivarjan, vebsayey,kam kaaj,echayen, sab kuch neye mujhey divide kar diya hai kuch samajh nai ata Majharaj Shree.*

*Guru: Jeevan to lila hai beta. Swamiji Maharajji ney sabko seekhaya hai apney kartavya jarur kareny. Jab maan ghabraey, aapada aaye, ya maan bishananntaa ya dukhmaye ho jaye, tab etna naam ley Raamji key ki Aap Shree khud aajayengey aapke saath es jeevan key ladai mey.*

*Sadhak: Lekin Guruji Maan to etna vichalit ho jata hai ki sadhna nai ho paati; jaap kartey kartey maan bhatak ta hai mano charo aur sey, sab apney apney demand kar rahen hain, aur mey apney aap mey ek besura baja bun chuka hun.*

